# ECHO OF HIS CALL

## बुलावे की प्रतिध्वनि

HINDI

50 ECHO OF HIS CALL 1969-2019 GOLDEN JUBILEE

REACHING NATIONS


India's National Spiritual Newspaper

₹ 10/-

Published monthly in ENGLISH, TAMIL, MALAYALAM, TELUGU, HINDI, KANNADA, MARATHI, BENGALI, GUJARATI, ODIYA, ASSAMESE, PUNJABI, NEPALI, URDU, SINHALA & AFRIKAN

Editor : S. SAM SELVA RAJ | 16 Languages | Associate Editor : Sis. DOROTHY S. THOMAS

Vol. XXVIII | MARCH 2023 | No.04

पवित्र बाइबल!

**इन वचनों को याद करें परमेश्वर की स्तुति हो**

भजन 66:12-20

12 तू ने घुड़चढ़ों को हमारे सिरों के ऊपर से चलाया, हम आग और जल से होकर गए; परन्तु तू ने हम को उबार के सुख से भर दिया है।

13 मैं होमबलि लेकर तेरे भवन में आऊँगा; मैं उन मन्नतों को तेरे लिये पूरी करूँगा,

14 जो मैं ने मुँह खोलकर मानीं, और संकट के समय कही थीं।

15 मैं तुझे मोटे पशुओं की होमबलि, मेंढ़ों की चर्बी की धूप समेत चढ़ाऊँगा; मैं बकरों समेत बैल चढ़ाऊँगा।

16 हे परमेश्वर के सब डरवैयो, आकर सुनो, मैं बताऊँगा कि उसने मेरे लिये क्या क्या किया है।

17 मैं ने उसको पुकारा, और उसी का गुणानुवाद मुझ से हुआ।

18 यदि मैं मन में अनर्थ की बात सोचता, तो प्रभु मेरी न सुनता।

19 परन्तु परमेश्वर ने तो सुना है; उसने मेरी प्रार्थना की ओर ध्यान दिया है।

20 धन्य है परमेश्वर, जिसने न तो मेरी प्रार्थना अनसुनी की, और न मुझ से अपनी करुणा दूर कर दी है!

# *तुम्हारा शोक आनंद में बदल जाएगा*

(यूहन्ना 16:20 )

*(पास्टर एस. सैम सेल्व राज द्वारा मुख्य गिरजाघर में दिया गया संदेश)*

**YOUR SORROW WILL BE TURNED INTO JOY!**

तुम्हारा शोक आनंद में बदल जाएगा!
तुम्हारे दुख और आंसू गुजर जाएंगे,
न तो घबराना पुत्र, न निराश होना पुत्री,
हमारा यीशु तुम्हें नहीं त्यागेगा।

1. अतीत के बारे में सोच कर निराश न हों, जो बीत गया उसे भूल जाएं,
परमेश्वर कुछ नया करेगा; आप आज ही देखेंगे, आज ही!
निराश मत हों; हां, निराश मत हों,
हमारा प्रभु परमेश्वर तुम्हें नहीं त्यागेगा।
2. परमेश्वर टूटे मन को चंगा करता है; वह घायल को सहारा देता है;
सभी घावों को बांधता है, हमारे आंसू पोछता है; हां, वह तुम्हारे आंसू पोंछता है,
निराश मत हो, निराश मत हो;
परमेश्वर तुम्हें नहीं त्यागेगा।
3. वह तुम्हारी परीक्षा तुम्हारी सामर्थ से बाहर न होने देगा;
तुम्हें आवश्यक सामर्थ देता है; वह तुम्हें रास्ता दिखाएगा, हां, बाहर निकलने का रास्ता!
निराश मत हों, निराश मत हों;
वह तुम्हें नहीं छोड़ेगा। - फादर एस.जे. बर्कमैन्स




एको ऑफ हिज़ कॉल 5 मिनिट का संदेश!!

*यू ट्यूब मसीही चैनल!*

तुम्हें पास्टर एस. सैम सिल्वा राज के साथ प्रार्थना करने का अवसर मिलेगा!

*अंग्रेजी, हिन्दी, तमिल और तेलूगू*

*प्रतिदिन सुबह 5 बजे* *तमिल रविवार सभा - सुबह 8:30 बजे*

# ECHO OF HIS CALL - (1969-2019 GOLDEN JUBILEE YEAR)

## from your dearly beloved brother...



REACHING NATIONS



**OUR MISSION POLICY**

We should expound and teach the contemporary generation the undiluted teachings of the ancient and early Apostles. It is the need of the hour.

**CHIEF EDITOR**
Angeline Selvakumari Henry, M.A., M.Ed.
**MANAGING EDITOR**
Pastor Alex Samson Sam, B.Th., M.Div.
**ADMINISTRATION**
Bro. N. Prakasam, M.A., General Manager
**EDITORIAL BOARD**
Sis. Jesy Veena Sam
Sis. Serena Bevin, M.A., M.Phil., B.Ed.
Dr. A. Richard Samuel, M.A., Ph.D.
Rev. Dr. K.R. Rajasekaran
**EDITOR, PUBLISHER & PRINTER**
Pastor S. SAM SELVA RAJ
Echo of His Call Printers
10, Mohammed Abdullah 2nd Street,
Chepauk, Chennai- 600 005, India.
Phone : (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766
Cell : (+91) 98410 71852, 95661 31858
**CORE LEADERS**
Bro. K. Puratchivendan
Bro. A. Edward Durai
Bro. A. Alvin
Bro. K. Abraham
Sis. Dhanalakshmi Chinnaiah
**E.mail ID**
sam@echoofhiscall.org
biblecor@yahoo.co.in
**WEBSITES**
www.echoofhiscall.org
www.stpaulsmatriculation.com
**YOUTUBE CHANNEL**
Echo of His Call

**"यहोवा मेरा चरवाहा है, मुझे कुछ घटी न होगी।"**
(भजन 23:1)

प्रभु में अत्यंत प्रियों,

हमारे प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह के नाम में हम आपका प्रेम के साथ अभिवादन करते हैं।

हम सभी लोगों के लिए हमारे प्रभु परमेश्वर की महिमा करते हैं जिन्होंने इस मासिक, **एको ऑफ हिज़ काल** के द्वारा आशीषें प्राप्त की है। हम हमारे प्रभुओं की प्रभु की स्तुति करते हैं क्योंकि हमें पता चला है कि हमारे हाल ही शुरू हुए यूट्यूब में प्रसारित पांच मिनिट के प्रभु के सुबह के संदेश के द्वारा आपने आशीष पाई है। हम जो भी चाहे करते हैं, ताकि आपको लाभ प्राप्त हो।

जैसे जैसे दिन बितते जाते हैं, प्रभु की सेवकाई बढ़ती है। लोग बड़ी आशीष पा रहे हैं। लेकिन हम उन्हीं कठिनाईयों और संघर्षों का अनुभव कर रहे हैं जो प्रारम्भिक कलीसिया के प्रेरितों के साथ घटित हुई थी। जब हम विभिन्न सेवकाईयों के माध्यम से और सुसमाचार के माध्यम से शैतान के गढ़ को ढा देते हैं, तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं कि शैतान क्रोधित होता है।

लेकिन हम निराश नहीं होते। पहले प्रेरितों और हमारे अग्रणियों के द्वारा प्रचार किए गए सिद्धांतों का हम प्रचार करते हैं और सिखाते हैं, बिना किसी समझौते के। हम आपसे बिनती करते हैं कि हमारे लिए प्रार्थना करें। किसी भी सम्भव तरीके से हमारी सहायता करने के लिए आप आगे आ सकते हैं, आपका स्वागत है। हमें आपकी विशेष सहायता और संगती की आवश्यकता है।

हम इस महीने और आने वाले महीनों में बहुत यात्रा करने वाले हैं। कृपया आपकी प्रार्थनाओं में हमें याद रखें। सेवकाई का मार्ग जो आत्माओं के लिए सच्चे बोझ के साथ की जाती है, अत्यंत मुश्किल है। हमारे परमेश्वर के सेवकों के कई परिवार सदस्य कई दिनों से बीमार हैं। आपकी प्रार्थना और प्रेम के द्वारा हमें सांत्वना मिलती है।

हम आपके पत्रों और सुझावों की आशा रखते हैं। हम आपके लिए प्रार्थना भी करते हैं। इसके अलावा, हम आपकी सभी प्रार्थना बिनतियों को गम्भीरता के साथ परमेश्वर के सामने ले जाते हैं और आपके लिए प्रार्थना करते हैं। हम परमेश्वर के प्रेम से आपसे प्रेम करते हैं। प्रभु सभी प्रिय भाई बहनों को जो नियमित रूप से अपनी भेंटों के द्वारा हमारी सहायता करते हैं, प्रतिफल दे! आमेन

*मसीह यीशु में आपके सेवक,*

*पास्टर एस. सैम सिल्वा राज और एलेक्स सैमसन सैम*
(+91) 98412 71858 / 98410 71858, E.mail : samselvaraj333@gmail.com

## यह ईश्वरीय संदेश है जो परमेश्वर आपको देता है।

पिछले कुछ दिनों में, मुझे विभिन्न रंगों और राष्ट्रों के लोगों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। उनमें कुछ विद्वानों से, प्रख्यात डॉक्टरों, राजनीति से सम्बंधित लोगों, अधिकारियों, उद्योगपतियों, धनवान लोगों, सलाहगारों, सामान्य और मध्यवर्गीय लोगों, कम शिक्षितों से मैं मिला। परमेश्वर का भय रखने वाले, परमेश्वर का भय न रखने वाले, विद्यार्थियों, सैलानियों,

Our Ministries: ECHO OF HIS CALL Monthly Magazines (16 languages) BIBLECOR - Postal Courses (3 languages) Media Ministry Online Courses Theological Correspondence Courses (2 languages) Church Planting Nehemiah Bible Colleges Gospel Printing Press Great Commission Partners St. Paul's Matriculation School Crusades Community Development

यात्रियों, व्यापारियों, अभिनेताओं, लेखकों, जो अपने आपको विश्वासी कहते हैं ऐसे लोगों, और परमेश्वर के सेवकों से मेरी मुलाकात हुई। मैं देख सका कि विभिन्न प्रकार की मुश्किलें या संघर्ष उन्हें हिलाकर रख देते हैं। इसी कारण परमेश्वर की तलाश करते हुए वे विभिन्न तीर्थस्थानों को भेंट देते हैं।

कुछ भक्त लोग कभी-कभी ऐसे काम कर जाते हैं जिन्हें वे नहीं जानते। कुछ लोग विभिन्न तीर्थस्थलों पर अपनी यात्रा की तैयारी के लिए कई दिनों तक तपस्या करते हैं; लेकिन उनके जाने से पहले, कुछ हमारे पास उनके लिए प्रार्थना करने आते हैं। मैं इसे न तो छोटा तुच्छ समझता हूं और न ही उपहास करता हूं। लेकिन क्या हम उनमें एक आग्रह और खालीपन नहीं देख सकते? अच्छे लोगों के लिए, उनकी परंपरा और संस्कृति सच्चा उद्धार पाने में बाधा के रूप में खड़ी होती है।

**इस संसार में जो कठिनाइयों और अशांति से भरा है, बहुत कम लोग ईश्वर के राज्य और उसके विस्तार के बारे में सोचते हैं, खुद को दुनिया के लोगों की आदतों और परंपराओं से अलग करते हैं और शांति और खुशी से उचित रीति से अपनी पवित्रता बनाए रखते हैं। इसका कारण क्या है? यह हमारे प्रभु यीशु मसीह की पुनरुत्थान सामर्थ है जो सामान्य लोगों के जीवन में भी काम करती है। हममें से प्रत्येक को यह अनुभव होना चाहिए।**


जब यीशु मसीह की पुनरूत्थान सामर्थ व्यक्ति के जीवन में आती है, चाहे वह निकम्मा ही क्यों न हो, वह बहुत ही उपयोगी मनुष्य बन जाएगा। साथ ही जब यह सामर्थ लंबे समय से बीमार व्यक्ति के जीवन में हस्तक्षेप करती है, तो उसका रोग दूर हो जाएगा! यीशु ने कहा, ... जो मुझ पर विश्वास करता है, यदि वह मर भी जाए, तौभी जीएगा। यूहन्ना 11:25। यहां तक कि यदि किसी व्यक्ति का कोई अंग काम नहीं करता है, जब वह प्रभु यीशु मसीह को अपने व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करता है, और मानता है कि वह परमेश्वर का पुत्र है और पश्चाताप करता है, तो वह प्रभु की अलौकिक चंगाई प्राप्त करेगा और वह एक सामान्य व्यक्ति के रूप में जी सकता है।

## लाजर और यीशु मसीह

यीशु मसीह के मित्र लाजर की मृत्यु हो गई। लेकिन प्रभु यीशु मसीह ने लाजर को मरे हुओं में से जिलाया। हालांकि, वृद्धावस्था के कारण उसकी मृत्यु बाद में हो गई होगी। लेकिन, प्रभु यीशु मसीह जो क्रूस पर मरा, तीसरे दिन मरे हुओं में से जी उठा, फिर नहीं मरे! जो लोग दावा करते हैं कि वे ईश्वर का अवतार हैं वे मर जाते हैं। जिन कब्रों में उनके शरीर को दफनाया गया है वे हमेशा बंद रहती हैं। लेकिन अकेले प्रभु यीशु मसीह की कब्र अभी भी खुली हुई है। यह ऐतिहासिक रूप से सिद्ध हुआ है।

रोमन अधिकारियों और मंदिर के अधिकारियों ने यीशु की कब्र की पूरी सुरक्षा की। बाइबल **कहती है : मत्ती 27:66।** परन्तु प्रभु यीशु मसीह तीसरे दिन मरे हुओं में से जी उठा (मत्ती 28:1—8)।

मरियम मगदलीनी और दूसरी मरियम सब्त के बाद सप्ताह के पहले दिन कब्र को देखने आईं। यद्यपि प्रभु यीशु मसीह ने अपने शिष्यों को पहले ही बता दिया था कि वह तीसरे दिन मृतकों में से जी उठेंगे, और जो साढ़े तीन साल तक उनके साथ रहे और उनके साथ सेवा की, वे अपने घरों में थे। वे परमेश्वर को अपना सच्चा प्यार दिखाने में असफल रहे। इससे उन्हें बाद में दुख और शोक होता। परन्तु यीशु ने उनकी कमियों को ध्यान में नहीं रखा। लेकिन वह उसने उन्हें दर्शन दिया, उन्हें सांत्वना दी, उन्हें सामर्थी प्रेरितों में बदल दिया और उनके शोक को खुशी में बदल दिया।




**Statement about ownership and other particulars about the Newspaper Echo of His Call (Hindi) - Form IV (See Rule 8)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. Place of Publication | : | **New No. 8 & 10, Old No. 18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai - 600 005.** |
| 2. Periodicity | : | **Monthly** |
| 3. Printer, Editor, Owner & Publisher | : | **S. Sam Selva Raj** (Same Address) |
| 4. Nationality | : | **Indian** |

I, **S. Sam Selva Raj** hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

March 2023 **S. Sam Selva Raj.**

प्रिय मित्र, क्या आपके छोटे-छोटे संदेह, इच्छाएं और शरीर की वासना ने आपको प्रभु के प्रेम से दूर नहीं किया, हालांकि आपने विभिन्न अवसरों पर और विभिन्न तरीकों से प्रभु के प्रेम का स्वाद चखा था। निराश न हों, अपनी कमियों को स्वीकार करें और फिर से यीशु के पास आएं। **आपका शोक आनंद में बदल जाएगा!**

## परमेश्वर के बच्चों के लिए एक चेतावनी

मैं आपको मेरे स्वर्गीय पादरी जी सुंदरम द्वारा चर्च को दी गई दो आज्ञाएं बताता हूं कि कैसे कोई प्रभु के साथ संगति की रक्षा करके उसका आनंद प्राप्त कर सकता है।

परमेश्वर का कोई भी सेवक या प्रचारक संसार के किसी भी कोने में जाकर प्रभु की सेवा कर सकता है। लेकिन उन्हें अपनी कमर के चारों ओर एक डोरी बांधनी होगी और दूसरे सिरे को उस चर्च से बांधना होगा जिसे प्रभु ने तुम्हें दिया है। यदि आपके पास रविवार को सेवकाई का काम नहीं है, तो आपको अपने चर्च में उपस्थित होना चाहिए, दूसरों के साथ प्रभु की आराधना करनी चाहिए, धीरज के साथ परमेश्वर के वचन को ग्रहण करना चाहिए और आज्ञा का पालन करना चाहिए।

दूसरी बात, हम में से हर एक को उसके अनुग्रह से पापी सोच, पापी आदतों, बुरे संबंधों से छुटकारा मिला है। परन्तु हमें सावधान रहना चाहिए कि हम उस पाप की ओर न फिरें जिससे हम छुड़ाए गए हैं। संभावना है कि वे हम पर हमला कर सकते हैं। सतर्क रहें!

उदाहरण के लिए, यदि आप हमारे प्रभु यीशु मसीह के अनुग्रह से किसी लत से छुड़ाए गए हैं, तो आपको छुटकारे की रक्षा पूरी लगन से करनी होगी। आपको उस जगह के पास नहीं जाना चाहिए और अपने पैसे के लिए कुछ छुट्टा लाने के लिए नहीं जाना चाहिए। साथ ही आपको अपने पुराने बुरे दोस्तों से पूरी तरह छुटकारा पाना चाहिए और ऐसे संबंध कभी नहीं बनाने चाहिए। यदि आप अपने संकल्प में दृढ़ हैं, तो आपको विजय और पूर्ण आनंद प्राप्त होगा।

## मरियम मगदलीनी और दूसरी मरियम



मरियम मगदलीनी जो सात दुष्टात्माओं से पीड़ित थी, यीशु द्वारा छुड़ाई गई थी। वह दूसरी मरियम के साथ, यीशु की कब्र पर गई जहां यीशु के शरीर को दफनाया गया था। एक बड़ा भूकम्प हुआ, क्योंकि प्रभु का एक दूत स्वर्ग से उतरा, और आकर द्वार पर से पत्थर लुढ़का कर उस पर बैठ गया (मत्ती 28:2)।



प्रिय भाई, बहन, आपके जीवन में पत्थर की रुकावटें हो सकती हैं जिन्हें लुढ़काया नहीं जा सका। कभी-कभी इसे आपके द्वारा या मज़बूत या किसी धनवान द्वारा दूर नहीं किया जा सका था। लेकिन मत डरिए, जहां कोई राह नहीं है वहां परमेश्वर एक राह बना देगा। हो सकता है कि यह दूर नहीं है। परमेश्वर अपने दूतों को आपकी रक्षा करने का आदेश देगा। स्वर्गदूत आपके लिए काम कर रहे हैं। वे उन पत्थरों को हटा देंगे जो आपकी आशीषों को रोक रहे हैं और आपको परमेश्वर की आशीषों का आनंद

*पृष्ठ 6 में क्रमशः...*

**नहेम्याह बाइबल कॉलेज**
**रेसिडेन्शल कॉलेज, चेन्नई।**

माध्यमः हिन्दी

*सदस्यता के लिए पंजीकृत उम्मीदवार* - ATA

**सुविख्यात अंतर्राष्ट्रीय मसीही अगुवे तथा पिछले 53 वर्षों से सेवारत वरिष्ठ पासवान**

सर्टिफिकेट इन थियोलॉजी – 1 साल
डिप्लोमा ऑफ थियोलॉजी – 2 साल

**योग्यता 10 वी या अधिक**
**जल्दी करें!**

**Contact : The Chairman, Nehemiah Bible College.**
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA.
Phone : (+91-44) 2852 8282, Cell : (+91) 98410 71852 / 95661 31858
E.mail : sam@echoofhiscall.org / Website : www.echoofhiscall.org
★ ऑनलाइन कक्षाएं उपलब्ध हैं ★

GREAT COMMISSION PARTNERS

ECHO OF HIS CALL MINISTRIES SINCE 1969

# महान आदेश के भागी

✽ भार उठना (गलातियों ६:२), ✽ सहायता करना (रोमियों १२:१३) और ✽ चमकना (२ तीमुथियुस १:६)

## स्तुति और प्रार्थना निवेदन

## मार्च 2023 से 19 अप्रैल 2023 तक

(कृपया इस पृष्ठ को फाड़िये, घड़ी कीजिए और उसे अपनी बाइबल में रखकर निरंतर प्रार्थना कीजिए।)



## स्तुति विषय

19 मार्च : हमारे सेंट पॉल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल, नहेम्याह बाइबल कॉलेज और ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम की सभी गतिविधियों के लिए।

20 मार्च : 16.01.2023 को आयोजित हमारे चर्च कार्यकर्ताओं की बैठक को आशीष देने के लिए।

21 मार्च : हमारे यू ट्यब एको ऑफ हिज़ कॉल प्रसारण के लिए नए सब्स्क्राइबर से आशीषित करने हेतु।

22 मार्च : हमारे कार्यकर्ताओं के परिवारों पर उसकी आशीषों की वर्षा के लिए।

23 मार्च : विभिन्न डिनॉमिनेशन्स के बावजूद सभी कलीसियाओं के युवाओं और बच्चों के बीच जागृति।

24 मार्च : मिशनरी और उनके परिवार सुदूर क्षेत्रों में परमेश्वर के कार्य में लगे हुए हैं उनके लिए।

25 मार्च : हमारे वरिष्ठ पासबान एस. सैम सेल्वा राज की भारत और विदेशों में विभिन्न स्थानों की सफल यात्राएं बहुत आशीषित रहीं।

26 मार्च : हमारे प्रार्थना सहभागियों, शुल्क सहभागियों, विश्वास के सहभागियों, आजीवन प्रतिभागियों, महान आदेश प्रतिभागियों और उनके परिवार के सदस्यों को आशीष देने के लिए।

27 मार्च : 1969 से पत्रिका सेवकाई के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर परमेश्वर की भरपूर आशीष के लिए

28 मार्च : हमारी गॉस्पल प्रिंटिंग प्रेस और कुशल श्रमिकों के साथ इसके निरंतर संचालन के लिए।

29 मार्च : एको ऑफ हिज़ कॉल के सहायक संपादकों और उनके परिवारों के लिए।

30 मार्च : हमें मिशनरियों को वित्तीय तथा प्रार्थना सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाने के लिए।

31 मार्च : पूरी दुनिया में बाइबल और मसीही साहित्य की छपाई में शामिल लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए।

01 अप्रैल : हमें ऐसे साझेदारों से आशीषित करने के लिए जो हमारी सेवाओं को अपनी निजी ज़रूरतों के बीच आर्थिक रूप से सहयोग करते हैं।

02 अप्रैल : हमारे वरिष्ठ पासवान एस सैम सेल्वा राज और उनके परिवार की ईश्वरीय सुरक्षा और उत्तम स्वास्थ्य के लिए

03 अप्रैल : मसीही सिद्धांतों के आधार पर मिशनरियों द्वारा शुरू किए गए स्कूलों के साथ संसार को आशीषित करने के लिए।

## प्रार्थना विषय

04 अप्रैल : दुनिया भर में कलीसियाओं में बेदारी के लिए।

05 अप्रैल : अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा के लिए।

06 अप्रैल : मुख्य चर्च और शाखा कलीसियाओं से जुड़े एको ऑफ हिज़ कॉल के विश्वासियों और उनके परिवारों की भलाई के लिए।

07 अप्रैल : हमारे मुख्य और शाखा कलीसियाओं में हमारी गुड फ्राइडे और ईस्टर सेवाओं के लिए।

08 अप्रैल : हमारे आवासीय और सान्ध्यकालीन नहेम्याह बाइबल कॉलेज के छात्रों के अनुशासित और समर्पित होने के लिए।

09 अप्रैल : नशीले पदार्थों की लत से बच्चों एवं युवाओं की सुरक्षा के लिए।

10 अप्रैल : दुनिया भर में बढ़ती बुरी आदतों से बच्चों और युवाओं की सुरक्षा के लिए।

11 अप्रैल : हमारे सेंट पॉल्स मैट्रिक्यूलेशन स्कूल के १०वीं कक्षा के छात्रों के लिए जो अपनी सरकारी परीक्षाओं में शामिल हो रहे हैं।

12 अप्रैल : दुनिया भर में बाल तस्करी को हटाने के लिए।

13 अप्रैल : शैक्षणिक वर्ष २०२३-२४ के लिए हमारे सेंट पॉल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल में नए छात्रों का प्रवेश हो।

14 अप्रैल : हमारी नहेम्याह बाइबल कॉलेज की पदवीदान आराधना सभा ०३ जून, २०२३ को आयोजित की जाएगी।

15 अप्रैल : इस महीने के लिए सभी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए।

16 अप्रैल : शैक्षिक वर्ष २०२३-२४ के लिए हमारे आवासीय और सान्ध्यकालीन नहेम्याह बाइबल कॉलेज के लिए योग्य छात्रों का प्रवेश हो।

17 अप्रैल : हमारे वरिष्ठ पादरी एस. सैम सेल्वा राज को उनकी विविध सेवाओं के लिए नए दर्शन के साथ आशीषित किया जाए इसलिए।

18 अप्रैल : दुनिया के सभी देशों के राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और संसद सदस्यों के लिए।

*पृष्ठ 4 से आगे...*

लेने देंगे और स्वर्गदूत पत्थरों पर बैठेंगे। आप परमेश्वर की आशीष की दहलीज पर हैं। दृढ़ हों। **आपके शोक बहुत जल्द खुशी में बदल जाएंगे!**

## हमारे गलत सिद्धांत

हे परमेश्वर के सन्तान, प्रसन्न हों! जो कुछ भी आपके मार्ग को रोक रहा होगा, उसे हमारा प्रभु यीशु मसीह हटाने की पर्याप्त सामर्थ रखता है। मानव जाति के आशीष की कुंजी संसार के किसी भी पुरुष के पास उपलब्ध नहीं है। वह कुंजी केवल हमारे प्रभु यीशु मसीह के पास है। अपने सारे दुखों को उसके पास छोड़ दो। यदि हम उससे दूर चले जाते हैं, तो इससे बहुत दु:ख और कष्ट होगा। आप में से कुछ अपने व्यक्तिगत जीवन और परमेश्वर की सेवकाई में पीछे हट गए हैं। यह एक गंभीर गलती है। परमेश्वर ने आपको कंगालपन और गहिरे गड़हे में से निकालकर ऊंचे स्थानों पर रखा है। आप कैसे इनकार कर सकते हैं? गलतियों को न दोहराने के लिए सावधान बनें। पश्चाताप करें! ऐसे में आपके दुख निश्चित तौर पर खुशी में बदल जाएंगे।

## प्रभु जो खोए हुओं को ढूंढ़ता है

प्रभु यीशु मसीह तीसरे दिन मृतकों में से जी उठा। फिर भी उनके शिष्य मछली पकड़ने के अपने पुराने पेशे में वापस चले गए। यह कुछ हैरान करने वाला है। फिर भी प्रभु अपना प्रेम दिखाता है। चेले जैसा कि हमने कहा है, तिबरियास के समुद्र में मछली पकड़ने के लिए वापस चले गए। उन्हें भेंट





देने वाले प्रभु ने कहा, "बच्चों, क्या तुम्हारे पास खाने के लिए कुछ है?"

यद्यपि चेलों ने अपनी पूरी कोशिश की, वे कुछ भी नहीं पकड़ सके। मैंने ऐसे लोगों को देखा है जो सेवकाई शुरू करते हैं और कुछ कारण बताकर इसे छोड़ देते हैं और सांसारिक पेशों को अपना लेते हैं। लेकिन उनका अंत विनाशकारी होगा। किसी को भी ऐसी गलतियां नहीं करनी चाहिए।

अच्छी मछली पकड़ने के लिए प्रभु ने उन्हें कुछ सुझाव दिए और उन्होंने वैसा ही किया। वह महान उद्धारकर्ता है, यीशु मसीह! एक गम्भीर उच्च बुलाहट के द्वारा, उसने आपको चुना, आपको वरदान और गुण दिए और आपको ऊपर उठाया।

*पृष्ठ 9 में क्रमश:...*


# नहेम्याह बाइबल कॉलेज

**EVENING COLLEGE**

Chepauk & Santhoshapuram, Chennai.

माध्यमः तमिल

सदस्यता के लिए पंजीकृत उम्मीदवार - ATA

सुविख्यात अंतर्राष्ट्रीय मसीही अगुवे तथा पिछले 53 वर्षों से सेवारत वरिष्ठ पासवान

सर्टिफिकेट इन थियोलॉजी – 1 साल

डिप्लोमा ऑफ थियोलॉजी – 2 साल

योग्यता 10 वी या अधिक

जल्दी करें!

**Contact : The Chairman, Nehemiah Bible College.**

10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, BELLS ROAD, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA.

Phone : (+91-44) 2852 8282, Cell : (+91) 98410 71852 / 95661 31858

E.mail : sam@echoofhiscall.org / Website : www.echoofhiscall.org

## कृपया हमारे मुख्यालय में हो रहे सेवाकार्यों के लिए प्रार्थना करें!

१. प्रार्थना सेवा : २४ घंटे
२. **बाइबलकोर** - बाइबल पत्राचार पाठ्यक्रम : अंग्रेजी, तमिल, हिन्दी
३. **बुलावे की प्रतिध्वनि (एको ऑफ हिज़ कॉल)** - मासिक पत्रिका अंग्रेजी, तमिल, मलयालम, तेलुगू, हिन्दी, कन्नड, मराठी, गुजराती, बगाली, उड़िया, नेपाली, आसामी, पंजाबी, उर्दू, सिन्हाला, अफ्रीकान
४. नहेम्याह बाइबल कॉलेज (दो केन्द्र)
५. थियोलॉजिकल प्रशिक्षण कोर्स - अंग्रेजी एवं तमिल
६. ग्रेट कमिशन पार्टनर्स
७. प्रशिक्षण कार्यक्रम
८. सुसमाचार सभाएं
९. साहित्य वितरण और फॉलो-अप
१०. सुसमाचार साहित्य मुद्रणालय -प्रकाशन
११. सेंट पॉल्स मॅट्रिक्युलेशन स्कूल - विलेज इंग्लीश स्कूल
१२. सण्डेस्कूल रविवार प्रातः ८.३० बजे
**१३. तमिल उपासना रविवार प्रात ५.०० बजे - ७.०० बजे १०.००बजे**
**१४. हिन्दी उपासना रविवार सायं ४.०० बजे**
**१५. तेलुगू उपासना रविवार सायं ५.०० बजे**
**१६. अंग्रेजी तथा तमिल उपासना रविवार सायं ६.०० बजे**
१७. पादरियों द्वारा सलाह मशवरा रविवार सायं ४.०० बजे
१८. महिलाओं की प्रार्थना सभा बुधवार सायं ५.३० बजे
१९. सप्ताह के मध्य बाइबल अध्ययन बुधवार सायं ६.३० बजे
२०. पुरुषों की प्रार्थना सभा शुक्रवार सायं ६.३० बजे
२१. शिष्यता की सभा शनिवार सायं ६.०० बजे
२२. गृह सभाएँ मंगल.गुरु सायं ६.३० बजे
२३. विशेष पवित्र सहभागिता-प्रभुभोज प्रतिमाह के १ ला दिवस पर प्रातः ५.३० बजे
२४. कर्मचारी समीक्षा सभा प्रथम शनिवार सायं ५.३० बजे
२५. पालकों की प्रार्थना सभा प्रथम रविवार सायं ४.०० बजे
२६. रात्रकालिन प्रार्थना द्वितीय शुक्रवार रात ९.३० बजे
२७. उपवास के साथ प्रार्थना प्रथम शनिवार सायं ६.३० बजे
२८. पवित्र प्रभुभोज द्वितीय रविवार की उपासनाएँ
२९. प्रातःकालीन उपासना प्रतिदिन प्रातः ५.०० बजे
३०. कर्मचारी वर्ग द्वारा प्रार्थना उपासना प्रतिदिन प्रातः ६.०० बजे
३१. कार्यालय प्रातः ६.०० बजे से सायं ६.०० बजे (रविवार छोड़कर)

## ऍको ऑफ हिज़ कॉल पत्राचार पाठ्यक्रम केवल भारत में उम्मीदवार के लिए

### 1. बाइबलकोर

हम नए मसीहियों और गैर–मसीहियों के लिए बाइबल के बुनियादी सत्य पर पत्राचार पाठ्यक्रम प्रस्तुत करते हैं अंग्रेजी–57 पृष्ठ, हिन्दी–76 पृष्ठ, और तमिल–96 पृष्ठ। आपको एक पाठ्यक्रम पुस्तक मिलेगी जिसका शीर्षक है नया जीवन – आपके लिए! इस कोर्स के पूरा होने के बाद आपको ***आपके लिए नया जीवन*** शीर्षक युक्त पाठ्यक्रम की एक पुस्तक प्राप्त होगी।

### 2. ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम

ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम नामक एडवान्स्ड डिस्टन्स एज्युकेशन पासबानों, सुसमाचार प्रचारकों और मसीही अगुवों के लिए भी उपलब्ध है जिन्हें परमेश्वर की सेवा के लिए बोझ है– अंग्रेज़ी 537 पृ. और तमिल 652 पृ. ! शुल्क रु. 1000/– लिया जाएगा, 149 अध्यायों की सात पुस्तकें दी जाएगी। सर्टिफिकेट इन मिनिस्ट्री दिया जाएगा। परमेश्वर आपको आशीष दे!

***अधिक जानकारी के लिए आज ही सम्पर्क करें।***

**The Chairman, Nehemiah Bible College,**
Echo of His Call, Post Box 2957
CHEPAUK, CHENNAI - 600 005.
Ph.: (044) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766,
Cell : 98410 71852, 95661 31858
E.mail : biblecor@yahoo.co.in

## एको ऑफ हिज़ कॉल मासिक पत्रिका विनामूल्य पाने का उत्तम अवसर

यदि आप डाक, पत्र, ईमेल, वॉट्स अप या फोन करके अपने मित्रों/रिश्तेदारों के पते भेज सके, तो हम उन्हें **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका विनामूल्य भेजेंगे।

## कर में छूट

किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा "एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट" को दिया गया दान आयकर कानून की धारा ८० जी. के तहत कर मुक्त माना जाता है। इसके लिए अधिकृत रसीद दी जाएगी। दानदाताओं से निवेदन है कि वे अपने चेक तथा ड्राफ्ट **"एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट"** के नाम पर आपके आधार कार्ड और पैन कार्ड के साथ भेज दें।

| | | |
|---|---|---|
| Account Name | : | ECHO OF HIS CALL EDUCATIONAL TRUST |
| Account Number | : | 1023 2923 805 |
| Bank Name | : | STATE BANK OF INDIA |
| Branch | : | TRIPLICANE, CHENNAI - 600 005 |
| IFSC Code | : | SBIN 0000249 |
| SWIFT Code | : | SBI NIN BB 455 |



# खाई से महल तक

## (पास्टर एस. सॅम सेल्वा राज के जीवन अनुभव)

*"जो पढ़े वह समझे"* मत्ती 24:15

# परमेश्वर द्वारा भेंट!

**DIVINE VISITATION!**

परमेश्वर के अनुग्रह से, वर्ष 1971 में, प्रभु ने मुझे चेपैक, चेन्नई में रहने वाले गैर-मसीहियों के प्रति बोझ दिया। जो लोग इस क्षेत्र में रहते थे, वे अच्छे लोग थे और उन्हें परमेश्वर में गहरा विश्वास था। वे मेहनती थे और वे रात -दिन काम करते थे। चेपैक में कई स्थल हैं : कई सिनेमा थिएटर, क्रिकेट स्टेडियम, पुलिस स्टेशन, सुंदर मरीना बीच जो दुनिया का दूसरा सबसे लंबा समुद्र तट है, कामराजार रोड जिसे रॉयल रोड भी कहा जाता है, व्यस्त, बहुत लंबा और सबसे प्रसिद्ध माउंट रोड, जिसे अब अन्ना सलाई कहते हैं, लाइट हाउस, सचिवालय, एगमोर स्टेशन और सेंट्रल स्टेशन नामक सबसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन, कई सरकारी कार्यालय, कूवम नदी, जाना-माना संथोम चर्च, प्रेसीडेंसी कॉलेज, अन्ना मेमोरियल बिल्डिंग आदि। यह पुराने चेन्नई (मद्रास) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मैं इस क्षेत्र के बहुत गरीब, बहुत अमीर और शिक्षाविदों के आध्यात्मिक जीवन के लिए बहुत बोझ रखता था।

इसलिए, परमेश्वर के मेरे दो सह-सेवाओं के साथ मैंने हर रात 8 बजे से 10 बजे तक प्रार्थना करना शुरू किया। उनमें से एक भाई था आई. चंद्र सिंह, जो अब पांडिचेरी में एक उद्योगपति हैं। दूसरा एक भाई था मोज़ेस पैकिया मणि जो अब चेन्नई में एक प्रसिद्ध व्यवसायी व्यक्ति है। हम महात्मा गांधी की प्रतिमा के पीछे घुटने टेककर प्रार्थना करते थे। जैसा कि हमने महसूस किया कि फिल्मों ने लोगों को दुनिया में डुबोने के लिए प्रेरित किया है, हमने प्रार्थना की कि परमेश्वर सभी फिल्म थिएटरों को हटाए या बंद करे।

क्या आश्चर्य की बात है! ईमानदारी से मैं घोषणा करता हूं! प्रभु परमेश्वर ने हमारी प्रार्थनाओं का उत्तर दिया। कुछ थिएटर जैसे पैरागॉन थिएटर, स्टार थिएटर, एल्बिनस्टन थिएटर, देवी थिएटर, शांथी थिएटर, अन्ना थिएटर, चित्रा थिएटर बंद हो गए। इसलिए, हम कई लोगों को सुसमाचार की घोषणा कर सकते थे जो फिल्मों को देखने के लिए पागल थे और जो वासनापूर्ण जीवन बिता रहे थे। उनमें से कई यीशु को स्वीकार कर सके और उन्होंन पवित्र जीवन बिताना शुरू कर दिया। लेकिन इस क्षेत्र में कोई चर्च नहीं था। नए विश्वासियों को यहां किसी भी चर्च में भेजा नहीं जा सकता था। हमने सोचा कि इस क्षेत्र में एक चर्च होना असंभव है। वर्ष 1980 में, परमेश्वर ने हमें चेपुक में चर्च ऑफ गॉड इन इंडिया की एक शाखा शुरू करने की सामर्थ दी। लेकिन किसी ने रविवार को जीवित परमेश्वर की आराधना करने के लिए चर्च में आने की हिम्मत नहीं की। मेरी पत्नी और मेरी बेटी जो उस समय एक बच्ची थी, 5 वर्षों तक मेरे साथ आराधना करने वाले अकेले लोग थे। मैं अपना एकॉर्डियन बजाता था और प्रचार करता था। उसके लिए मेरा बहुत विरोध हुआ।

एक सुबह 8 बजे, मैंने चर्च क्षेत्र को साफ किया और आराधना शुरू करने का समय था। हालांकि मैंने सेवा का संचालन करने के लिए चर्च क्षेत्र तैयार किया था, लेकिन मैं इस विचार से निराश था कि कोई भी आराधना में शामिल नहीं होगा। इसलिए, मैं अपने बेडरूम में आराम करना चाहता था और वहां गया और अपनी आँखें बंद कर लीं। मुझे नींद न आ सकी। मैं एक तरह के ट्रान्स में गया और मैंने एक सपना देखा।

मैंने अपने सपने में देखा, मेरे घर को पूरी तरह से चमकदार रोशनी से सजाया गया। मैं अपने घर में एक मीठी खुशबू सूंघ सकता था। अचानक एक 50 साल के व्यक्ति ने उस क्षेत्र में प्रवेश किया, जो मैंने आराधना सेवा का संचालन करने के लिए तैयार किया था। उसने सभी लाईट्स और पंखे शुरू कर दिए। फिर उसने घुटने टेके और चुपचाप प्रार्थना करने लगा। तब मैं देख सकता था कि जगह लोगों से भरी हुई थी।

मैं जाग गया और जल्दी में, मैंने अपनी पत्नी और बेटी को फोन



*डॉ. बेविन लॉरेन्स और मिसेस सेरेना बेविन*

किया और जब हमने अपने चर्च में प्रार्थना करना शुरू की, तो मुझे एहसास हुआ कि वह व्यक्ति जो पहले से ही प्रार्थना कर रहा था, गायब हो गया है। मेरी पत्नी और मैंने अपने पापों को कबूल किया और आराधना शुरू की।

कुछ ही मिनटों में, एक भाई और उनकी पत्नी और उनके बेटे, सभी सफेद कपड़े पहने हुए आए और उन्होंने हमारे साथ घुटने टेक दिए। यह भाई रेव्ह डॉ. बेविन लॉरेंस थे, जो अब बहुत सारी सेवाएं कर रहे हैं, जो कि कोडईकनाल में अपना मुख्यालय रखते हैं। वह एक मेडिकल डॉक्टर और एक बिशप है। उनकी पत्नी श्रीमती सेरेना बेविन हैं, जो अब एको आर्फ हिज़ कॉल पत्रिका के इको की वरिष्ठ सहयोगी संपादक हैं। साथ में, वह बहुत सेवाएं करती हैं।

उस दिन से, मैं अपनी सभी चर्च सेवाओं को समय पर शुरू करता हूं चाहे लोग आते हों या नहीं। मैं अपने सभी सहकर्मियों और कॉलेज के छात्रों को इस बारे में सिखाता हूं। परमेश्वर भला है।

---

*पृष्ठ 6 से आगे:..*

आपकी प्रार्थनाओं से कितनी दुष्टात्माएं बाहर निकलते हैं? कितने ऐसे रोग से मुक्ति पाते हैं जिनकीचंगाई नहीं हो सकती? कुछ समस्याओं के कारण या कुछ सांसारिक सुखों के कारण, क्या आप परमेश्वर के प्रेम से दूर भाग गए हैं!?

## थोड़ी देर के लिए अपने जीवन के बारे में सोचो

परमेश्वर ने आपको उन समस्याओं से कैसे छुड़ाया जिन्होंने आपके बच्चों पर और दूसरों पर वार किया? जब आप बीमारी, असफलताओं, कठिनाइयों से पीड़ित थे, तो सोचें कि परमेश्वर ने अपने आश्चर्यकर्मों से आपको कैसे छुड़ाया? क्या इसका मतलब यह नहीं है कि यदि आपने एक बार उसकी मदद का आनंद लिया है, तो प्रभु आपके साथ है और आपके प्रति दयालु है? कृपया उसे न छोड़ें और उसे अपने जीवन में पहला स्थान दें। आपका शोक आनंद में बदल जाएगा।

हम अपने जीवन में हर दिन कई तूफानों का सामना करते हैं। वे तूफान अलग-अलग दिशाओं से, अलग-अलग लोगों से, अलग-अलग गति से आते हैं। हम तूफान, हवा, बवंडर और आन्ध ी का सामना कर रहे हैं। आइए हम देखते हैं कि किस प्रकार के तूफान आते हैं, जब वे हम पर आते हैं, वे हमारे जीवन में किस प्रकार के घाव देते हैं और कैसे हम परमेश्वर की सामर्थ से उन पर विजय प्राप्त कर सकते हैं।




स्थिति बिगड़ने से पहले हमें कार्रवाई करनी होगी। हमले और स्थिति के हाथ से निकल जाने के बीच हमारे लिए कुछ जगह (समय) होती है। परमेश्वर इतना दयालु है कि वह सब कुछ हमारे नियंत्रण में लाने के लिए अपना अनुग्रह देता है। परमेश्वर चाहता है कि हम पूरी बुद्धि और लगन से इसे निपटें। हमारे दिमाग में जो चीजें आती हैं और जो समस्याएं लोगों के द्वारा आती हैं मैं इसे यहां तूफ़ान कहता हूं,। यदि हम तूफान को उठते हुए देखते हुए सुरक्षा का उपाय नहीं करते हैं, तो हम डूब सकते हैं। यही कारण है कि हमारा प्रभु यीशु मसीह यूहन्ना 9:4 में रात के आने की बात करता है। प्रभु अपना कार्य उसके आने से पहले पूरा करना चाहता था। उसने ऐसा किया। शैतान हमें पटरी से उतारने के लिए घात लगाकर बैठा है (1 पतरस 5:8)। इस बात को ध्यान में रखते हुए अपनी चुनौतियों का सामना करें कि आपके जीवन पर परमेश्वर का पूर्ण नियंत्रण है। क्रोधित न हों। दुखी मत हों। सभी परिस्थितियों में परमेश्वर की स्तुति करने का प्रयास करें। परमेश्वर के वादों को दोहराएं। परमेश्वर मेरे साथ है और मेरे लिए है। मैं वह हूं जो सभी परिस्थितियों को पार करता हूं। स्वर्ग का परमेश्वर आपको आशीष दे!

************

# विशेष घोषणा

## हमें मानद प्रतिनिधियों की आवश्यकता है!

हाल ही में, हम पाते हैं कि सिंहल, नेपाली, उर्दू और अफ्रीकी भाषाओं में छपी एको ऑफ हिज़ कॉल पत्रिका के पाठकों की संख्या काफी कम हो गई है। यह हमारे पुराने दोस्तों के निधन और उनके अधिवास के संभावित स्थानांतरण के कारण हो सकता है। हम पाठकों की संख्या को मजबूत करने के तरीकों और साधनों के बारे में सोच रहे हैं।

प्रयास के एक उपाय के रूप में, हम नेपाली, उर्दू, सिंहल और अफ्रीकी के अपने पाठकों से मानद प्रतिनिधियों के लिए अनुरोध करते हैं

(1) अपनी संबंधित भाषाओं में पत्रिकाओं के लिए अधिक से अधिक पाठकों का नामांकन करें।

(2) अधिक प्रतियां प्रिंट करने के लिए और अपने संबंधित देशों / क्षेत्रों में पाठकों को भेजने के लिए आगे आएं

(3) नए पते भेजने और फोटो प्रतियां लेकर उन्हें परिवार और दोस्तों को भेजकर वितरण को बढ़ावा देने के लिए कुछ मानद प्रतिनिधियों को पाने में हमारी मदद करें।

RNI.No.63656/95, Postal Regn.No.TN/CH/(C)/202/21-23 WPP.No.TN/PMG(CCR)/WPP-222/21-23

## एको ऑफ हिज़ कॉल

### यू ट्यूब

Please subscribe

कृपया आपके समय के अनुसार हमारा **एको ऑफ हिज़ कॉल यू ट्यूब चैनल** देखें और उसे सब्स्क्राईब करें। - धन्यवाद

## OUR BANK DETAILS:

### 1. Bank : State Bank of India

Branch : Triplicane, Chennai-5
Name : S. Sam Selva Raj
A/C No. : 1023 2934 679
IFSC : SBIN 00 00 249
SWIFT CODE : SBI NIN BB 455

### 2. Bank : ICICI Bank

Branch : Anna Salai, Chennai-6
Name : Echo of His Call
A/C No. : 6038 0502 2319
IFSC : ICIC 000 6038

### 3. Bank : State Bank of India

(This Account is for Tax Exemption for Indians only )

Branch : Triplicane, Chennai-5
Name : Echo of His Call Educational Trust
A/C No. : 1023 2923 805
IFSC : SBIN 00 00 249

Google Pay: 98410 71858
PayPal : SAM SELVA RAJ
*****
E.mail : sam@echoofhiscall.org

# एको ऑफ हिज़ कॉल

१६ भाषाओं में मासिक पत्रिकाएं, पत्राचार पाठ्यक्रम, कलीसिया रोपन, ग्रामीण अंग्रेज़ी हायस्कूल, सुसमाचार छापखाना, क्रूसेड, सेमिनार, समाज सेवा आदि।

**वार्षिक शुल्कः रु. १००/-** **आजीवन शुल्कः रु. २,०००/-**

**एको ऑफ हिज़ कॉल** की गतिविधियां आपके समान परमेश्वर के लोगों के स्वेच्छा दानों और भेंटों से पूरी की जाती हैं। आप परमेश्वर की अगुवाई के अनुसार **एको ऑफ हिज़ कॉल** और उसके सारे कार्यक्रमों को आर्थिक सहायता भेज सकते हैं। अनपहुंचे लोगों को सुसमाचार सुनाने हेतु और कलीसिया की स्थापना के लिए हमें आपकी सहायता की ज़रूरत है।

अगर आप **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका नियमित रूप से प्राप्त करना चाहते हैं तो कृपया हमें लिख भेजें। जब कभी अपना पता या ई-मेल बदलें तो कृपया अपने पुराने एवं वर्तमान पते के बारे में अवश्य सूचना दें।

**एको ऑफ हिज़ कॉल** सेवकाई १६ भाषाओं की मासिक पत्रिका हमारे वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। आप इस साइट पर जाकर और उसे डाऊनलोड करके उसे पढ़ सकते हैं और आशीष पा सकते हैं।

आपके पत्र, प्रार्थना अनुरोध और आपकी आर्थिक सहायता (मनी ऑर्डर, चेक या डिमांड ड्राफ्ट, एनईएफटी, पेपॅल को(Sam Selva Raj, sam@echoofhiscall.org) PhonePe (98410 71858), Gpay (98410 71858), Western Union, MoneyGram, etc.) कृपया निम्नलिखित पते पर भेजी जा सकती है।

कृपया अपना **लैंड लाईन फोन/सेल फोन क्रमांक और ई-मेल पत्ता** आवश्यक सुधार/अद्यतनीकरण के लिए भेजें।

Our address :
ECHO OF HIS CALL
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA
PH: (+91-44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766/ Cell: (+91) 98410 71852, 95661 31858 / E.mails: sam@echoofhiscall.org / biblecor@yahoo.co.in
Websites: www.echoofhiscall.org / www.stpaulsmatriculation.com

**YOU CAN SEND YOUR DONATION ONLINE ALSO**

Regd. with the RNI under No . 63656/95
Licenced to post without pre-payment
Postal Regn. No. TN/CH (C) /202/21-23
Licence No. WPP. No. TN/PMG(CCR)/WPP-222/21-23
Date of Publication: Second week of every month
Date of Posting : 8th & 9th of every month
Posted at "Egmore RMS / 1 Patrika Channel"
on 9th MARCH, 2023
If un-delivered please return to:
ECHO OF HIS CALL (HINDI)
P.O. Box No. 2957, Chepauk, Chennai - 600 005, INDIA.
Phone: (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766

**JESUS LOVES YOU!**

To

GOD BLESS YOU!

Owned and published by **S. Sam Selva Raj** from New No. 8 & 10, Old No.18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005 and printed by **S. Sam Selva Raj** at **Echo of His Call Printers,** New No. 8 & 10, Old No.18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005. Editor: **S. Sam Selva Raj.**